पोस्टर प्रदर्शनी प्रतियोगिता

अर्थशास्त्र परिषद के द्वारा प्रत्येक वर्ष की भांति आयोजित किए जाने वाले प्रतियोगिताओं के क्रम में आज दिनांक 15.2.2024 को पोस्टर प्रदर्शनी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें एम ए चतुर्थ सेमेस्टर तथा एम ए द्वितीय सेमेस्टर के विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। इस प्रतियोगिता में पर्यावरण, अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार, आत्मनिर्भर भारत, राष्ट्रीय आय की प्रवृत्तियां तथा मुद्रास्फीति, बेरोजगारी, कोविड-19 व अन्य आर्थिक समसामयिक विषयों पर अपने पोस्टर प्रदर्शनी प्रस्तुत किये। कार्यक्रम का आयोजन विभाग की शिक्षिका डॉ. वन्दना अहिवार, सहायक आचार्य के द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम में उक्त पोस्टर प्रदर्शनी का निरीक्षण तथा मूल्यांकन अर्थशास्त्र विभागाध्यक्ष प्रो० संदीप कुमार, वरिष्ठ आचार्य प्रो० के. आर. त्रिपाठी, प्रो० ए.के. गोयल, अर्थशास्त्र परिषद के प्रभारी डॉ. राजू कुमार गुप्ता सहित डॉ. सत्यपाल सिंह, डॉ. अमित कुमार शर्मा, डॉ. सुरेंद्र कुमार गुप्ता, डॉ. मनीश कुमार द्वारा किया गया। इस अवसर पर विभाग के समस्त शोध छात्र तथा विद्यार्थी उपस्थित थे।